Bharat Temples

गुरुदेव मेरे गुरुदेव मेरे

गुरुदेव मेरे, गुरुदेव मेरे ,
जो तू नहीं तो कुछ भी नहीं है,
है तू जहाँ पर, मंज़िल भी वहीँ है ।
गुरुदेव मेरे..........

गंगा यमुना बहती है,
गुरुवर तेरे चरणों में ,
मेरा सब जीवन है गुरुवर,
तेरे चरणों में ,

मुझे जीना भी यहीं है,
मुझे मरना भी यहीं है ।
गुरुदेव मेरे..........
तेरी ये लीला गुरुवर,

जग में न्यारी है,
सारा जग पूजे तुझको,
तू सबका मालिक है ,
मुझे जीना भी यहीं है,

मुझे मरना भी यहीं है,
गुरुदेव मेरे..........

मेरे ज्ञान के चक्षु गुरुवर,
तुमने खोले है,

अच्छी राह दिखाते गुरुवर,
कितने भोले है ,
मेरे माता भी तुम्हीं हो,
मेरे पिता भी तुम्हीं हो,

गुरुदेव मेरे..........
तुमसे मिलने को गुरुवर,
दिन रात मैं रोता हूँ ,
कैसे तुमसे मिल पाऊँ,

येही सोचा करता हूँ ,
मुझमें शक्ति भी नहीं है,
मुझमें भक्ति भी नहीं है
गुरुदेव मेरे, गुरुदेव मेरे ,

जो तू नहीं तो कुछ भी नहीं है,
है तू जहाँ पर, मंज़िल भी वहीं है ।
गुरुदेव मेरे..........

संकलनकर्ता :- राज कुमार नामदेव, बिजनौर ।

Source:
https://www.bharattemples.com/gurudev-mere-gurudev-mere-jo-tu-nhi-to-kuch-bhi-nhi-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw